दिनांक 29 जनवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पावर हाउस मार्केट क्षेत्र का निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लिया जायजा, फल मंडी के समीप सर्विस रोड किनारे तैयार होगा वेंडिंग जोन, पावर हाउस ब्रिज के नीचे कबाड़ गुमटीओ को हटाने का काम भी प्रारंभ

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस ओवर ब्रिज के नीचे कबाड़ गुमटीओ को हटाने का काम निगम ने प्रारंभ कर दिया है। गुमटीओ को हटाने के बाद यहां पर व्यवस्थित तरीके से दुकानें संचालित करने की प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए सर्वप्रथम ब्रिज के नीचे से तमाम ऐसे गुमटी जो काफी समय से संचालित नहीं हो रहे हैं तथा कबाड़ के रूप में तब्दील है उन्हें हटाने का काम किया जा रहा है। आयुक्त रोहित व्यास ने पावर हाउस के कई मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण कर वेंडिंग जोन बनाने के कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ नंदनी रोड जाने वाले ब्रिज के नीचे तथा सेक्टर क्षेत्र की ओर जाने वाले अंडर ब्रिज के समीप के क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वही फल मंडी के सामने के स्थल का उन्होंने अवलोकन किया। फल मंडी के समीप बनारसी चाय दुकान के पास काफी समय से ठेलो आदि के माध्यम से दुकान संचालित की जा रही है। इस स्थल को वेंडिंग जोन के रूप में तब्दील किया जाएगा। इसके साथ ही पार्किंग स्पेस को भी ध्यान में रखा जाएगा। इसी स्थल के पास निगम द्वारा पिंक टॉयलेट का निर्माण भी किया जा रहा है। जिससे राहगीर महिलाओं को काफी राहत मिलेगी। वही मार्केट क्षेत्र में आने जाने वाले महिलाओं के लिए भी पिंक टॉयलेट सुविधा प्रदान करेगा। वही मलबा फैलाने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल , कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा तथा आयुक्त रोहित व्यास ने कुछ दिन पूर्व पावर हाउस के कई इलाकों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में पावर हाउस मार्केट क्षेत्र को व्यवस्थित करने का काम किया जा रहा है। अव्यवस्थित तरीके से लगने वाले ठेले तथा गुमटियों को व्यवस्थित भी किया जाएगा , जिससे ट्रैफिक से भी राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , सहायक अभियंता अनिल सिंह तथा उप अभियंता अमित एक्का , स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे आदि मौके पर मौजूद रहे।